आकाशवाणी श्री विजयपुरम

06.09.2025 समय : 1850

- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी को महान प्रधानमंत्री कहा। प्रतिक्रिया में श्री मोदी ने ट्रम्प की भावनाओं की प्रसंशा की।

- नेक्स्ट जेन जी एस टी से होगी सीधी बचत। नागरिक सेविंगस विद जी एस टी डॉट इन पर देख सकते है अपनी बचत का हिसाब।

- शिक्षकों को मिली नई पहचान डिग्लीपुर में शिक्षक दिवस पर शत प्रतिशत परिणाम देने वालों को सम्मानित किया गया।

- कैम्पबेल बे में डेढ़ सौ नागरिको की जाँच, आई.एन.एच.एस धन्वंतरी के सहयोग से बहु–उद्देशीय दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन हो रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयानों पर सोशल मीडिया ( प्लेटफार्म ) प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं और भारत–अमेरिका संबंधों के सकारात्मक आकलन की सराहना करते हैं। उन्होंने दोनों देशों की साझेदारी को सकारात्मक, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक बताया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के साथ संबंधों को अत्यधिक महत्व देते हैं और उनके राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्यक्तिगत रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को अपना मित्र और "महान प्रधानमंत्री" कहा था।

<><><><><><><>

नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी दरें बाईस सितम्बर से लागू होने जा रही हैं। नागरिकों को यह समझाने के लिए कि नए ढांचे से कितनी बचत होगी, केंद्र सरकार के नागरिक–केंद्रित मंच 'माईगव' ने जानकारी साझा की है। माईगव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि उपभोक्ता अब वेबसाइट savingswithgst.in पर जाकर किसी भी वस्तु को कार्ट में डालकर कीमत का अंतर खुद देख सकते हैं। यहाँ वस्तुओं की कीमतें तीन श्रेणियों में दिखाई जाएंगी – बेस प्राइस, वैट के तहत सेलिंग प्राइस और नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी के तहत सेलिंग प्राइस। उदाहरण के लिए, साठ रुपये प्रति लीटर दूध की कीमत वैट के साथ तिरसठ दशमलव छह रुपये थी, जबकि नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी में यह केवल साठ रुपये ही रहेगी। ग्राहक फूड, स्नैक, हाउसहोल्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन और लाइफस्टाइल जैसी श्रेणियों से उत्पाद चुनकर बचत का आकलन कर सकेंगे। इसके लिए क्यू.आर कोड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और आई.टी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि घरेलू स्तर पर उत्पादित चिप्स से संचालित टेलीकॉम सिस्टम को मानकों और गुणवत्ता परीक्षण पास करने के बाद टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर से प्रमाणन प्राप्त हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने इसे भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा के लिए बड़ी छलांग बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल आयातित चिप्स पर निर्भरता घटाएगी, बल्कि भारत को वैश्विक सप्लाई चेन में मजबूत स्थिति दिलाएगी। भारत का सेमीकंडक्टर बाजार वर्तमान में लगभग अड़तीस अरब डॉलर का है और दो हजार तीस तक सौ अरब डॉलर से अधिक तक पहुंचने का अनुमान है।

<><><><><><><>

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अगस्त दो हजार पच्चीस में दो सौ इकीस करोड़ से अधिक आधार ऑथेंटिकेशन लेन–देन दर्ज किए। यह संख्या न केवल जुलाई दो हजार पच्चीस से अधिक रही, बल्कि अगस्त दो हजार चौबीस की तुलना में भी दस दशमलव तीन प्रतिशत अधिक रही। इसके अलावा अगस्त दो हजार पच्चीस में अटठारह दशमलव छह करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन लेन–देन भी हुए, जबकि अगस्त दो हजार चौबीस में यह संख्या छह दशमलव शून्य चार करोड़ थी। अब तक कुल दो सौ तेरह करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन लेन–देन पूरे हो चुके हैं। एक सितंबर दो हजार पच्चीस को UIDAI ने एक

ही दिन में अब तक के सबसे अधिक एक दशमलव पांच करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन लेन—देन दर्ज किए। इससे पहले एक अगस्त दो हजार पच्चीस को एक दशमलव अटठाइस करोड़ का रिकॉर्ड बना था। वहीं अब ए.आई आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक एंड्रॉयड और iOS दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इससे लोग सिर्फ चेहरे की स्कैनिंग से अपनी पहचान सत्यापित कर सकते हैं। यह सुविधा उपयोगकर्ताओं को आसानी के साथ—साथ मजबूत सुरक्षा भी प्रदान करती है।

<><><><><><>

डिगलीपुर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान, विवेकानंद स्टेडियम में क्षेत्रीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. एच.एस.के. मूर्ति, मनु थॉमस और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में साठ से अधिक स्कूलों के शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. मूर्ति ने शिक्षकों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर, शत—प्रतिशत परिणाम लाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने में योगदान देने वाले शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूलों के शिक्षकों ने गीत और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किए।

<><><><><><>

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानन्द सोनोवाल ने तमिलनाडु के वी ओ चिदाम्बरनार पोर्ट पर देश की पहली पोर्ट आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। तीन दशमलव सतासी करोड की लागत से निर्मित यह सुविधा पोर्ट कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट और ई— व्हीकल चार्जिंग के लिए ऊजा उपलब्ध कराएगी।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से द्वीपसमूह में स्थित पंजीकृत सांस्कृतिक संगठनों से वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए अनुदान सहायता के रूप में वित्तीय सहायता जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इसके अंतर्गत प्रत्येक पात्र संगठन को पच्चीस हजार रूपए की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन सेल्यूलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक के पते पर दस सितम्बर तक जमा किए जा सकते है।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे आई.एन.एच.एस धनवंतरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो दिवसीय बहु—विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ई.एन.टी विशेषज्ञ डॉ. संजीव भारद्वाज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन कुमार ने अपनी सेवाएँ दीं। पहले दिन सुबह साढ़े नौ बजे से दो बजे तक डेढ सौ से अधिक रोगियों की जाँच की गई और उन्हें आवश्यक दवाएँ भी दी गईं। शिविर का उद्देश्य कैम्पबेल बे के रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना था। चिकित्सा शिविर का आयोजन कल भी जारी रहेगा।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने द्वीपसमूह के शिक्षार्थियों को बेहतर अवसर देने के लिए क्रेडिट स्थानांतरण नीति में बदलाव किया है। नई नीति के तहत प्रवेश की वैधता समाप्त होने के बाद भी छात्र अपने पाठ्यक्रम पूरे कर सकेंगे। यह सुविधा सभी कार्यक्रमों पर लागू होगी। जुलाई सत्र से इग्नू ने चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों के लिए बहु—प्रवेश और बहु—निकास योजना भी शुरू की है। इसके तहत छात्र स्नातक के पहले वर्ष (दो सेमेस्टर) के बाद स्नातक प्रमाणपत्र ले सकेंगे और सात वर्षों के भीतर आगे की पढ़ाई के लिए फिर से प्रवेश पास करेंगे। इग्नू ने छात्रों को एक साथ दोहरी डिग्री (यूजी और पीजी) तथा अतिरिक्त कोर्स करने की भी अनुमति दी है।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में मौसम विभाग ने लगातार वर्षा के बीच मछुआरों को गहरे समुद्र में न जाने की सलाह दी है। द्वीपसमूह के अधिकांश इलाकों में मध्यम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे समुद्र की स्थिति खराब होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, श्री विजयपुरम में 54.4 मिमी, लॉन्ग आइलैंड में 8 मिमी और हट बे में 4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस दौरान, समुद्र में ऊंची लहरें उठने की संभावना है, जो मछुआरों के लिए खतरनाक हो सकती हैं। विभाग ने कहा है कि यह मौसम

परिवर्तन समुद्री गतिविधियों पर असर डाल सकता है, और मछुआरों को सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए सतर्क रहने की आवश्यकता है। विभाग ने आगे यह भी चेतावनी दी कि अगले कुछ दिनों तक वर्षा की तीव्रता बनी रह सकती है, जिससे समुद्र का हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। इस मौसम के दौरान, मछुआरों को केवल सुरक्षित और निकटवर्ती क्षेत्रों में मछली पकड़ने की सलाह दी जा रही है। सभी संबंधित विभागों को भी इस स्थिति की निगरानी करने के लिए अलर्ट कर दिया गया है।

**<><><><><><><>**